# स्मार्ट मीटर को लेकर भड़का आक्रोश

## स्मार्ट मीटर लगाने जा रहे तीन कर्मचारियों को रोककर मारपीट करते हुए 16 मीटर तोड़े

नवभारत न्यूज

**सीहोर. इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घर- घर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. यह आक्रोश इतना बढ़ गया है कि अब त्रस्त लोग कर्मचारियों पर भी हमला करने से नहीं हिचक रहे. बुधवार को दशहरा मैदान के समीप स्मार्ट मीटर ले जा रहे तीन कर्मचारियों को तीन युवकों ने रोककर उनके साथ जमकर मारपीट की और सभी मीटरों को जमीन पर फेंककर तोड़ दिया. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

गौरतलब है कि इन दिनों मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम किया जा रहा है. इसे लेकर उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है. उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर जब से लग रहे हैं. बिल की राशि में चार गुना बढ़ोत्तरी हो गई है. बिजली सप्लाई बंद होने के बाद भी मीटर की रीडिंग बढ़ती रहती है.

यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकृत ठेकेदार के कर्मचारी मीटर लगाने जा रहे हैं वहां उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है. इतना ही नहीं कई जगह तो झड़प की नौबत आ चुकी हैं और कर्मचारियों को बिना मीटर लगाए उल्टे पैर वापस लौटना पड़ा है.



**आरोपियों ने रोककर की मारपीट, तोड़ डाले मीटर**

बुधवार को स्मार्ट मीटर ठेकेदार के पास काम कर रहे विक्रम वर्मा आ. अनोखी लाल वर्मा अपने साथी अखिलेश वर्मा और रामू वर्मा के साथ दशहरा बाग स्थित विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तर से मीटर लेकर दशहरा बाग की कालोनी में जा रहे थे तभी रास्ते में वहीं के रहने वाले राकेश आ. सरदारसिंह ने उन्हें रोका और गालियां देने के अलावा उनके साथ मारपीट कर दी. इस दौरान उसके दो साथी भी वहां आ गए थे. उन्होंने तीनों के साथ मारपीट की. इसके अलावा पत्थर मारकर विक्रम का सिर फोड़ दिया. इतने पर भी उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने स्मार्ट मीटरों को जमीन पर फेंकते हुए पूरी तरह तोड़ दिए. वारदात के बाद तीनों बदमाश कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले. विक्रम वर्मा का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में थे. पुलिस ने विक्रम वर्मा की शिकायत पर आरोपी राकेश आ. सरदारसिंह और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

विद्युत वितरण कंपनी को लेकर लोगों में नाराजगी का एक अन्य कारण यह भी है कि जब कर्मचारी उनके घर लगा मीटर खोलकर ले जाते हैं तो कुछ दिन बाद आकर बताते हैं कि मीटर में छेड़छाड़ की गई है. इसकी जांच की जाएगी और जुर्माना किया जाएगा. इससे भी लोगों में काफी नाराजगी का माहौल बना हुआ है. इसी बात पर बीते दिनों गंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं और विद्युत कंपनी के कर्मचारियों में काफी विवाद हुआ था.

## मानव तस्करी का मामला आया सामने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में मानव तस्करी का मामला सामने आया है। बलरामपुर छत्तीसगढ की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि गांव के रिश्ते में लगने वाले चाचा रामजन्म शर्मा ने सुनील घोष के माध्यम से उसे डेढ़ लाख रुपए में राजेश घोष नाम के शख्स को बेच दिया।

शिकायती आवेदन में पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले राजेश घोष ने मंदिर में महिला से शादी की थी। राजेश दिगौड़ा थाना क्षेत्र के सेराई गांव का रहने वाला है। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति उस पर अवैध धंधा करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर वह मारपीट भी करता है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर राजेश घोष के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मानव तस्करी के आरोपों की भी जांच कर रही है। जांच में यदि तथ्य सामने आते हैं तो इस संबंध में भी कार्यवाही की जाएगी। टीकमगढ़ में मानव तस्करी का मामला सामने आया है।

# बेरखेड़ी में शाला भवन जर्जर

## सीलन भरी दालान में शाला लगने से छात्र-छात्राएं हो रहे हैं बीमार

सईद नादां, नवभारत

**बेगमगंज, 2 जुलाई. एक ओर सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा निवेश कर रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण अंचल की शासकीय शालाएं अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है. ग्राम पंचायतों को दिया जाने वाला भारी भरकम बजट विकास के नाम पर औपचारिकता की भेंट चढ़ जाता है , लेकिन शालाओं के विकास के नाम पर कोई बजट उपलब्ध नहीं कराने से वो दुर्दशा का शिकार हो रही है.**

तहसील को दर्जनों शासकीय शाला भवन आज जर्जर स्थिति में होने से वर्षा होते ही उनमें कक्षाएं लगना बंद हो जाती है. वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पंचायत भवन , सरपंच या ग्राम पटेल की दालानों में औपचारिक रूप से कक्षाएं लगाई जा रही है.

ग्राम बेरखेड़ी जोरावर की शासकीय प्राथमिक शाला में दो शिक्षक प्रधानाचार्य गजराज सिंह एवं शिक्षिका प्रभा नायक है और 20 छात्र है. वर्षो पहले बना शाला भवन आज जीर्णशीर्ण स्थिति में है. इसकी मरम्मत या मेंटीनेंस नहीं होने के कारण कक्षाओं की छतों से पानी टपक रहा है. एक भी कमरा सुरक्षित नहीं है. जिसके कारण कमरे की वजह अब सीलन भरी दालान में शाला लग रही है. जिससे मासूम बच्चे बीमार हो रहे हैं.

शाला का पहुंच मार्ग कच्चा होने से वर्षा के दिनों में कीचड़ दलदल में बदल गई है. अभिभावकों ने अपने बच्चों को शाला पहुंचने के लिए सड़क के साइड में पत्थर डालकर अस्थाई रास्ता बनाया है. भवन के चारों ओर कीचड़ , गंदगी और बड़ी -बड़ी घांस , झाड़ियों से जहरीले कीड़ों का भी खतरा बना रहता है.



**अभिभावकों ने की बच्चों की सुरक्षा की मांग**

जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं तो शाला भवन धीरे -धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा है जो कभी भी धराशायी हो सकता है. बच्चों को भी खतरा बना रहता है.अभिभावकों ने अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग की है. इस संबंध में ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्तव का कहना है कि सभी शैक्षणिक संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि क्षतिग्रस्त भवनों में कक्षाएं ना लगाएं . पंचायत स्तर पर किसी सुरक्षित भवन में कक्षाएं लगाने की व्यवस्था करें . क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से बजट की मांग की जा रही है .

# विवाद के चलते लगा वाहनों का जाम

नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जुलाई, रेल्वे स्टेशन के पास स्थित आवकारी कंट्रोल रूम के सामने से लेकर बिजली कंपनी के कार्यालय से आगे नगर पालिका के सामने आए दिन जाम के हालात बन जाते हैं जिससे यहां से निकलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं.**

इस रास्ते पर कई मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम और सोनोग्राफी सेंटर है जिसके चलते यहां पर रोजाना हजारो लोगों का आना जाना होता है. इन सभी के भवनों के आगे पर्किंग की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते वाहनों को बीच सड़क पर ही खड़ा कर दिया जाता है. जिसके चलते आधी से ज्यादा सड़क पर कब्जा हो जाता है. इस रास्ते पर स्थित एक नर्सिंग होम और उसके पास ही एक डाक्टर का क्लीनिक हैं जहां पर बुधवार को एक हॉस्पिटल के सामने दवा कंपनी के एजेंटो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया.



विवाद इतना बड़ा की नौबत झूमा झटकी तक जा पहुंची इस विवाद के चलते सड़क पर जाम की स्थित निर्मित हो गई दोनों तरफ से आने वाले वाहनों की लंबी कतार यहां लग गई करीब आधे से पौन घंटे तक जाम लग रहा. इसी रास्ते पर तीन पेट्रोल पंप हैं जहां पर भी वाहनों की कतार लगी रही है जिससे भी जाम के हालात बने रहते हैं. यहां पर यातायात का कोई भी जवान बिगड़े ट्रेफिक को सुधारने के लिए तैनात नहीं किया गया है जबकि यातायात पलिस को अच्छी तरह से मालूम है कि यहां पर यातायात की बहुत बुरी हालत हैं.

## ठेकेदारों को समय पर काम निपटाने के निर्देश

**सारंगपुर 02 जुलाई, सं.** नपा सीएमओ सुश्री ज्योति सुनेरे द्वारा काफी दिव्यांग व्यक्ति को सीएमओ कक्ष में कान की मशीन प्रदाय की. 02 जुलाई को निर्माण कार्यों से जुड़े सभी ठेकेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जिसमें निकाय क्षेत्र अंतर्गत चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं अमृत 2.0, कायाकल्प अभियान, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना एवं सीएम मॉनिट आदि कार्यो की समीक्षा की तथा उपस्थिति ठेकेदार के द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वस्त किया. बैठक के दौरान सुश्री सुनेरे ने ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें.

# हत्या की योजना बना रहा कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

## एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और कार की जब्त

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने कुख्यात अपराधी रिंकू उर्फ राहुल राठौर को एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस एवं एक महिंद्रा एक्सयूवी कार के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हत्या की योजना बनाकर हथियार सहित सोनाघाटी क्षेत्र में घूम रहा था।**

बुधवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक शातिर अपराधी, जो वर्तमान में हत्या के मामले में जमानत पर है, अपनी सिल्वर रंग की महिंद्रा एक्सयूवी कार में पिस्टल लेकर सोनाघाटी ब्रिज क्षेत्र में अपने पुराने दुश्मन की हत्या की नीयत से घूम रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित की गई और बताए गए स्थान पर रवाना हुई। सोनाघाटी ओवरब्रिज के नीचे, झाड़ेगांव रोड पर एक सिल्वर एक्सयूवी कार आती हुई दिखी, जिसे पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर साक्षियों की उपस्थिति में रोका। आरोपी ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस की तत्परता से उसे पकड़ लिया गया।



## दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर और कार्ड

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम करेला निवासी घनश्याम मीना द्वारा आज दिनांक 02 जुलाई 2025 को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी पुत्री शालू मीना 90 प्रतिशत अस्थिबाधित एवं मानसिक रूप से दिव्यांग है। उसकी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण होना है, साथ ही आवागमन के लिए व्हीलचेयर एवं यूडीआईडी कार्ड की आवश्यकता भी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अब्दुल गफ्फार को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

## एक नजर में



### संस्कार केंद्रों में पौधों का रोपण कर लिया संकल्प

**सिलवानी.** प्रकृति को हरा भरा बनाए जाने को लेकर शासकीय स्तर के अतिरिक्त सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में जनजाति क्षेत्र की शिक्षा विद्या भारती मध्य भारत प्रांत संचालित भाऊराव देवरस सेवा न्यास के द्वारा वनांचल ग्रामो में बृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया. तहसील के खैरीखोदरा, देवरी, सनाईडार, ख़मखुवा, वीरपुर, पुददर, बर्रापौड़ी, सलैया, विछुआ, घूरपुर, जूनापुरा, फुलमार, पौड़ी, चैनपुर, गदर्रा, पौनार, पापड़ा, समनापुर, लमनयाऊ, मेहका, नारायणपुर, सोनपुरा, घोघरी, झावुआ पूरा, जामनपानी, महुआखेड़ा आदि ग्रामो मेंफूलदार, फलदार, छायादार सहित अनेक प्रजाति के पौधो का रापेण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणो के द्वारा मौजूद रह कर पौधरोपण किया.



### पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की विदाई

**नवभारत सीहोर.** जिले में पुलिस विभाग से 6 शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हे सम्मानित किया जाकर विदाई दी गई. इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा गृह में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने माला पहनाकर सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शाल, श्रीफल, उपहार, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, एवं प्रमाण पत्र दिए गए. सभी के अनुभवों को जाना एवं परिवार की जानकारी ली तथा सभी को शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वास्थ्य रहने हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी.



### वेदांती मंदिर पर महा आरती का आयोजन

**सागर.** आषाढ़ माह के तृतीय मंगलवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राहुल नामदेव द्वारा पंतनगर वार्ड वेदांती मंदिर पर महा आरती का कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर लीगल राइट्स की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनु शैलेंद्र जैन, अंत्योदय समिति अध्यक्ष प्रतिभा रामेश्वर चौबे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक अर्पित पांडे, पार्षद मेघा दुबे, जिपं सदस्य सर्वजीत सिंह, नितिन सोनी, पार्षद नीरज कोरी, रविंद्र ठाकुर, धनंजय साहू, प्रशांत कोष्ठा, नवनीत भदोरिया, जय सोनी आदि उपस्थित रहे.

## इनरव्हील क्लब का रक्तदान शिविर संपन्न

**अशोकनगर।** इनर व्हील क्लब द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए विगत दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल किया गया। जिसमें कुल दस लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इस दौरान क्लब की 2 सदस्यों शिप्रा अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल सहित कुल 10 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के पश्चात इनर व्हील द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़े विशाल पेड़



नवभारत न्यूज

**सागर 2 जुलाई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर से सटी नगर पालिका मकरोनिया में हाऊसिंग बोर्ड द्वारा ढाई दशक पूर्व निर्मित कॉलोनी पद्माकर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर आज विशाल पेड़ काट दिए गए. पेड़ों को काटने के पीछे नपा अध्यक्ष और सीएमओ गोल-मोल जवाब देते रहे.**

मालूम हो कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा ढाई दशक पूर्व आवासीय कॉलोनी के रुप में पद्माकर नगर का निर्माण कराया गया था. भले ही आज की स्थिति में पद्माकर नगर पंचायत से लेकर नपा के कार्यकाल तक व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के रुप में विकसित हो चुका है. आवासीय कॉलोनी को व्यवसायिक काम्पलेक्स के रुप में अनुमतियां दबे-छिपे दी जाती रहीं मगर संपत्ति कर के रुप में आज भी नगर पालिका पीछे है. मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पद्माकर नगर स्थित एक निजी अस्पताल के आसपास पेड़ काटना शुरु किया गया.



# डॉक्टर्स दिवस पर हुआ डॉक्टरों का सम्मान

नवभारत न्यूज,

**विदिशा**, डॉक्टर्स दिवस पर विदिशा की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा , इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स विदिशा शाखा एवं प्रखर सोनोग्राफी , सीटी एवं एमआरआई डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वाधान में नगर के समस्त चिकित्सकों के सम्मानार्थ आयोजित समारोह विदिशा की एनराइज होटल स्याजी में मुख्य अतिथि नगर की वरिष्टतम महिला चिकित्सक एवं रिटायर्ड जॉइंट डायरेक्टर स्वस्थ डॉ श्रीमती एच कौर सिन्हा ने कहा कि हमेशा मरीजों की भलाई के लिए ही कार्य करते है और सभी चिकित्सक बहुत अच्छा कार्य कर रहे है और आपस में एक होकर उत्कृष्ट कार्य कर सकते है.विशिष्ट अतिथि आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएपी के विदिशा अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि चिकित्सक चौबीसों घंटे मरीजों की तकलीफों को दूर करने जीवन और मृत्यु के मोर्चे पर तैनात रहते है इसलिए सफेद कोट में वास्तविक हीरो कहलाते है.वह बीमारियों का ही इलाज नहीं करते बल्कि लोगो को स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते हैं.

वहीं लायंस क्लब विदिशा सनराइज ने अपने लायनिस्टिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ सेवा, सम्मान और पर्यावरण चेतना के संकल्प के साथ किया. क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर मानव सेवा न्यास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया .क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव ने जानकारी दी कि इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ चिकित्सक लायन डॉ. प्रीति कौर, लायन डॉ. अपूर्वा यादव, लायन डॉ. आरती शर्मा एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स नीरज महेश्वरी और सीए पूनम जाजू को सम्मानित किया गया.

# बारिश में बिना वाइपर की बस ट्रक में घुसी

## दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री हुए घायल, खिलचीपुर-भोजपुर के समीप की घटना

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर/ब्यावरा 02 जुलाई, सं. भोजपुर-खिलचीपुर के मध्य एनएच -52 पर मंगलवार की रात्रि को यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री घायल हो गये इनमें कुछ को गंभीर चोट आई है. दुर्घटना का कारण भारी बारिश में बिना वाइपर के चालक का बस चलाना माना जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार भोपाल से शाम 5 बजे अजमेर जाने के लिए बस क्रमांक एम.पी. 09, फा. 7216 रवाना हुई. रात्रि करीब 10 बजे खिलचीपुर से लेकर भोजपुर थाना क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही थी. इस दौरान खिलचीपुर और भोजपुर के बीच भोला ढाबा के समीप यह दुर्घटना हुई. चालक के अनुसार सामने से कार की तेज लाइट में कुछ दिखाई नहीं दिया. जैसे ही बस को साइड में किया सामने खड़े ट्रक से टक्कर हो गई.



## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत किया जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी दीपक विश्वकर्मा के उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नागरिकों को जागरूक किया। इसके तहत स्वच्छता दल सहयोगी संस्था आस्था सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा सोर्स सेग्रीगेसन, प्लास्टिक मुक्त अभियान की गतिविधि के तहत मार्केट की प्रत्येक दुकानों में अपना डस्टबीन रखने, गीला-सुखा एवं हानिकारक कचरा अलग-अलग रखने ,प्लास्टिकमुक्त शहर के बारे में नागरिकों को जागरूक किया।

**ताप्ती जन्मोत्सव** उमड़ा आस्था का सैलाब, करीब डेढ़ लाख लोगों ने किए दर्शन

# आस्था एवं हर्षोल्लास से मनाया गया माँ ताप्ती जन्मोत्सव

**मुलताई। सुर्यपुत्री माँ ताप्ती की उदगम स्थली पवित्र नगरी में आषाढ़ मास की शुक्ल सप्तमी पर बुधवार माँ ताप्ती जन्मोत्सव आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

**अभिषेक पूजन कर निकाली शोभायात्रा**

**शहर में जगह-जगह हुआ भंडारा प्रसादी का वितरण**

माँ ताप्ती जन्मोत्सव पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया था। ब्रम्हमुहुर्त से ही ताप्ती सरोवर में स्नान कर ताप्ती सरोवर सहित ताप्ती तट स्थित मंदिर में पुजा अर्चना कर सरोवर की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। ताप्ती सरोवर में स्नान का दौर सुबह से दोपहर तक चलते रहा। वहीं ताप्ती जन्मोत्सव पर समिति एवं माँ ताप्ती ट्रस्ट के लोगों द्वारा पुजा अर्चना की गई। दोपहर 12 बजे माँ ताप्ती की अभिषेक कर पुजा अर्चन के साथ माँ ताप्ती का जन्म हुआ। जिसके बाद महाआरती कर भंडारा प्रसादी वितरित की गई । वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा अपने अपने स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया । सुबह साढे 10 बजे माँ ताप्ती सेवा मंडल द्वारा महाआरती घाट से चुनरी यात्रा निकाली जो सरोवर की परिक्रमा कर वापस महाआरती घाट पहुची । जहां पर ताप्ती सेवा मंडल के सदस्यों ने 251 मीटर की चुनरी माँ ताप्ती में अर्पित की । वहीं गुजरात सुरत के भक्तो द्वारा भेजी गई 251 मीटर की साडियों की चुनरी यात्रा निकाल कर चुनरी अर्पित की गई।



**चुनरी यात्रा निकाल कर कि चुनरी अर्पित :** माँ ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार माँ ताप्ती सेवा मंडल द्वारा महाआरती घाट से चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा माँ ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर महाआरती पहुची। जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा माँ ताप्ती को 51 साडियों से बनी चुनरी सरोवर में अर्पित की गई।

**11 लीटर दूध से किया माँ ताप्ती का अभिषेक**

संत अशोक महाराज द्वारा 111 लीटर दुध से ताप्ती तट जगदीश घाट पर पहुच कर माता रानी का दुग्धअभिषेक किया गया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। बैतूल विरासत समिति के राजू पवार द्वारा कामथ से गाजे बाजे के साथ नाचते गाते ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में क्षेत्र के 101 ग्रामों के मंदिरो से लाए गए ध्वज के साथ यात्रा नागपुर नाका होते हुए मुख्य मार्ग से ताप्ती सरोवर पहुची ।इस दौरान भाजपाई बडी संख्या में ध्वज यात्रा में शामिल हुए।

## विजय बने राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष

**बैतूल।** चिचोली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धनियाजाम के सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी ने एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 29 जून को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई है। ठाकुर की सक्रियता और संगठन विस्तार में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें दोबारा यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि विजय सिंह ठाकुर संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों का पालन करते हुए कार्य करेंगे तथा संगठन के विस्तार में अपना पूर्ण योगदान देंगे।